DR. SASMIT PATRA (Odisha): Sir, I associate myself with the Zero Hour mention made by the hon. Member.

**Need for environment clearance for expansion/construction of Ghat Road (Bangriposi valley, Mayurbhanj district in Odisha) on NH-49**

**श्रीमती ममता मोहंता** (ओडिशा): धन्यवाद सर। ..(**व्यवधान**)..

**श्री सभापतिः** ज़ीरो ऑवर में जो समय बच गया है, आप उसमें बोलिये, इसलिए मैं आपको अलाउ कर रहा हूं।

**श्रीमती ममता मोहंता** : सर, ओडिशा के मयूरभंज जिला में सिंगड़ा चौक होकर झारखंड के बहरागोड़ा होते हुए मुंबई जाने वाली एन.एच-49 पर स्थित घाट रोड -बंगरीपोसी घाट या द्वारसिनी घाट, 10 किलोमीटर की घाट रोड संकीर्ण एवं विपदापूर्ण रोड है, यह बेहद खराब है। 10 किलोमीटर घाट रोड छोड़कर ऊपर और नीचे का काम पूरा हो चुका है, लेकिन परिवेश मंजूरी न होने से यह 10 किलोमीटर का घाट रास्ता बहुत ही विपदापूर्ण स्थिति में है। वहां रोज एक्सिडेंट्स होते हैं और कभी-कभी एक दिन में 6-7 एक्सिडेंट्स भी होते हैं। इस पर हैवी गाड़ियां चलती हैं और यहां घंटों जाम लगा रहता है।

महोदय, इस विषय को मैं पहले भी संसद में उठा चुकी हूं और माननीय मंत्री जी से मिलकर आलोचना करते हुए लिखित पत्र भी दे चुकी हूं, लेकिन अभी तक वहां की हालत में सुधार नहीं हुआ है।

**श्री सभापतिः** आपका टाइम हो गया है।

SHRI SUJEET KUMAR (Odisha): Sir, I associate myself with the Zero Hour mention made by the hon. Member.

DR. SASMIT PATRA (Odisha): Sir, I also associate myself with the Zero Hour mention made by the hon. Member.

**श्री सभापति** : माननीय सदस्यो, आपने देखा होगा कि आज हमने 17 Zero Hour Mentions और 5 Special Mentions लिये, इसका कारण यह है कि आप सब लोगों ने सहयोग दिया और सदन में शान्ति रही। इसमें सबको मौका मिला है और बाकी लोगों को भी मौका मिलेगा। इसलिए मेरा अनुरोध है कि आने वाले दिनों में भी इसी तरह से हाउस को चलायें और अच्छा नाम कमायें। Next, we come to Question Hour. ...(*Interruptions*)... No comments, please. My operation depends on your cooperation! Otherwise, there will be separation!! You have seen it also.Now, Question No.61.